

श्री सौरभ श्रीवास्तव

Shri Saurabh Srivastava



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री सौरभ श्रीवास्तव

श्री सौरभ श्रीवास्तव भारत के एक अग्रणी उद्यमी तथा संस्था निर्माता है। आपको व्यापक रूप से भारत में और समूचे विश्व में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के एक उल्लेखनीय शिल्पी के रूप में जाना–माना जाता है। आप भारत में जीवन्त और उज्जवल उद्यमपूर्ण परिस्थितिकी प्रणाली के सृजन की अगुआई कर रहे हैं।

2. आपका जन्म 04 मार्च,1946 को हुआ। आपने आईआईटी कानपुर से बी.टेक. की उपाधि और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए से मास्टर की उपाधि हासिल की। आप सूचना प्रौद्योगिकी और उद्यमशीलता पर संकेन्द्रित आधुनिक भारत की प्रमुख संस्थाओं नासकॉम, इण्डियन वेंचर केपिटल एसोसिएशन, टाई नई दिल्ली–एनसीआर ('ग्लोबल बोर्ड में भी 5 वर्ष तक सेवारत रहे), इण्डियन एंजिल नेटवर्क (जो शायद इस समय 100 पॉफोलियों कम्पनियों, समूचे विश्व का 350 निवेशक सदस्यों और 7 अध्यायों वाला विश्व का सबसे बड़ा निवेशक समूह है) के सह–संस्थापक रहे और आपने इन संस्थाओं की अध्यक्षता की। ब्रिटिश सरकार के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री डेविड केमरॉन द्वारा 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लन्दन में आईएएन का चेप्टर लॉन्च किया गया है। आप अशोक यूनिवर्सिटी के सह–संस्थापक हैं और आपने इम्पीरियल कॉलेज बिजनस स्कूल, लन्दन के सलाहकार बोर्ड में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

3. आप उद्यमशीलता के एक वरिष्ठ सदस्य हैं और आप करीब 100 स्टार्ट–अप्स में निवेश कर चुके हैं तथा आपने कई सौ उद्यमियों को व्यक्तिगत तौर पर विश्वसनीय परामर्श दिया है। आपने भारत के निजी क्षेत्र की पहली वीसी फंड–इन्फिनिटी की स्थापना की और आप उसके अध्यक्ष भी रहे जिससे इंडिया बुल्स, इंडिया गेम्स और एवेन्डस जैसी कम्पनियां अस्तित्व में आईं। आप आईआईटी बॉम्बे में उद्यमशीलता के अनुबद्ध प्रोफेसर रहे हैं और इस समय आप आईआईटी कानपुर के उद्यमशीलता/नवाचार सेल के बोर्ड में हैं। आप स्वयं अनेकों सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनियां सफलता के साथ स्थापित करने वाले एक सफलतम नामी उद्यमी रहे हैं। इन कम्पनियों में से एक कम्पनी आईआईएस इन्फोटेक लिमिटेड अस्तित्व में आने के 5 वर्षों के भीतर ही शीर्ष 15 भारतीय सॉफ्टवेयर कम्पनियों की श्रेणी में आ गई थी और अन्तरराष्ट्रीय गुणवत्ता का प्रमाण–पत्र हासिल करने वाली पहली भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कम्पनी बन गई थी।

4. आप विभिन्न सरकारी बोर्डों/समितियों अर्थात् एमएसएमई सेक्टर की वित्तीय संरचना की जांच संबंधी समिति, रेलवे विशेषज्ञ समिति, टेलीकॉम सेन्टर ऑव एक्सीलेंस, एसईबीआई (सेबी) कमेटी ऑन ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज हाई–टेक एडवाइजरी पैनल, इन्वेस्टमेंट कमेटी ऑव द गवर्नमेंट्स इंडिया एस्पीरेशन फंड ऑफ फंड्स एण्ड द नेशनल एक्सपर्ट एडवाइजरी कमेटी ऑन इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एण्ड टेक्नोलॉजी एन्टरप्रिन्योरशिप में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। आप वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) टैक लिमिटिड (सीएसआईआर प्रौद्योगिकियों को व्यापारिक बनाना), मीडिया लेब एशिया (डाइटी) के बोर्ड में हैं, आप इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद और राष्ट्रीय नवाचार परिषद के अध्यक्ष रहे हैं। आप नासकॉम फाऊंडेशन (सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की सामुदायिक सेवा इकाई) के सह–संस्थापक रहे हैं और आपने इस संस्था की अध्यक्षता भी की है। आप अमेरिका भारत फाऊंडेशन, जिसके राष्ट्रपति बिल क्लिंटन सह–अध्यक्ष रह चुके हैं, के एक ट्रस्टी हैं।

5. आपने अनेक पुरस्कार/सम्मान प्राप्त किए हैं। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग को आपने जो योगदान दिया है उसके लिए आपको नासकॉम द्वारा मार्च, 2015 में आयोजित किए गए एक विशेष समारोह में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। आपको आईआईटी कानपुर द्वारा "प्रतिष्ठित विद्यार्थी पुरस्कार" प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, आपको पिछले 50 वर्षों में 50 शीर्ष विद्यार्थी होने का सम्मान; सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में आपके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए द डाटा क्वैस्ट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड; भारतीय सॉफ्टवेयर उद्योग को आपके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए नासकॉम द्वारा पुरस्कार; उद्यमशीलता के क्षेत्र में आपके सहयोग के लिए टाई के लिए पुरस्कार; लखनऊ मेनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से नवाचार पुरस्कार; और वॉलवरहम्पटन विश्वविद्यालय, यू.के. की ओर से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है।

Shri Saurabh Srivastava

Shri Saurabh Srivastava is one of India's leading entrepreneurs and institution builders, widely acknowledged in India and globally as one of the architects of the Indian IT Industry and leading the creation of a vibrant entrepreneurial eco system in India.

2. Born on March 4, 1946, Shri Srivastava got his B Tech from IIT Kanpur and Masters from Harvard University, USA. He co-founded and Chaired key institutions of modern India focussed on IT and Entrepreneurship: NASSCOM; Indian Venture Capital Association; TiE New Delhi-NCR (also served 5 years on the Global Board); Indian Angel Network (now possibly the world's largest investor group with 100 portfolio companies, 350 investor members globally and 7 chapters). At the UK government's invitation IAN's chapter was launched in London at 10 Downing Street by PM David Cameron. He is a co-founder of Ashoka University and served on the Advisory Board of Imperial College Business School, London

3. Shri Srivastava is a doyen of entrepreneurship and angel/VC investments. He has been involved in investing in around 100 start-ups and has personally mentored hundreds of entrepreneurs. He founded and chaired India's first private sector VC Fund-Infinity, which created companies like India Bulls, India Games and Avendus. He was adjunct Professor of Entrepreneurship at IIT Bombay and is on the board of the Entrepreneurship/ Innovation Cell at IIT Kanpur. He has been a highly successful serial entrepreneur himself, founding several successful IT companies. One of these IIS Infotech Ltd, was ranked amongst the top 15 Indian software companies within 5 years of inception and was the first Indian IT Company to get International Quality Certification.

4. Shri Srivastava has served on various Government Boards/ Committees: Committee to Examine the Financial Structure of the MSME Sector, Railway Expert Committee, Telecom Centre of Excellence, SEBI Committee on Alternative Investment Funds, Bombay Stock Exchange Hi-Tech Advisory Panel, Investment Committee of the Government's India Aspiration Fund of Funds and the National Expert Advisory Committee on Innovation, Incubation and Technology Entrepreneurship. He is on the board of CSIR Tech Ltd (set up to commercialise CSIR technologies), Media lab Asia (Deity), Chaired the Export Promotion Council for Electronics and Software and was on the National Innovation Council. He co-founded and Chaired NASSCOM Foundation (IT Industry's Community Service Arm) and is a Trustee of America India Foundation, formerly co-chaired by President Bill Clinton.

5. Shri Srivastava has received several awards/honours. In March 2015, the Prime Minister of India Shri Narendra Modi presented him an Award for contribution to the Indian IT Industry at a special event organized by NASSCOM. He received the "Distinguished Alumnus Award" from IIT Kanpur and recognition for being amongst the top 50 Alumni over 50 years; the Data Quest Lifetime Achievement Award for contribution to the IT Industry; an Award from NASSCOM for his contribution to the Indian Software Industry; an Award for TiE for his contribution to Entrepreneurship; Innovation Award from the Lucknow Management Association; and an Honorary Doctorate in Technology from the University of Wolverhampton, UK.